न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एस0डी0एम0) चाकसू

पीठासीन अधिकारी ओमप्रकाश सहारण (आर0 ए0 एस0)

प्रकरण संख्या 151/2019 निर्णय दिनांक 24.06.2019

उनवान

1. श्रीमती सुदेश कुमारी पत्नि जगदीश कुन्तल जाति जाट निवासी 36 गीता कॉलोनी एम एस जे कॉलेजे के पास भरतपुर, राजस्थान।

बनाम

1. सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील चाकसू।

प्रार्थना–पत्र पत्थरगढी मय पुलिस इमदाद के करवाने बाबत।

प्रार्थीगण ग्राम सालगरामपुरा तहसील चाकसू में खातेदार काश्तकार है जिनके आराजी खसरा नम्बर 508, 508/1, 510, 510/1 किता 4 रकबा 0.45 हे0 भूमि वाके ग्राम सालगरामपुरा तहसील चाकसू में स्थित है जो प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज रिकार्ड है प्रार्थीगण उक्त खातेदार भूमि की पत्थर गढी करवाने हेतु निवेदन किया गया है , प्रार्थिया द्वारा उक्त भूमि का सीमाज्ञान पूर्व में करवा लिया गया है। प्रार्थना पत्र पत्थरगढी पेश किये जाने पर गया जो दर्ज रजिस्ट्रर किया जाकर जवाब सरकार लिया गया जो संलग्न मिसल है वकील प्रार्थिया को सुना गया व प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 508, 508/1, 510, 510/1 किता 4 रकबा 0.45 हे0 भूमि वाके ग्राम सालगरामपुरा तहसील चाकसू की भूमि पत्थरगढी अप्रार्थीगण व अप्रार्थी एवं पडौसी काश्तकारों की मौजूदगी में अन्य किसी न्यायालय का स्थगन नही हो तथा फसल कटने के बाद पत्थरगढी की जावे। साथ ही उक्त आदेश केवल उक्त आदेश पत्थरगढी का है जिसमें किसी प्रकार का कब्जा नही सम्भलाया जावे। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार को लिखा जावे पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)
उपखण्ड अधिकारी
(एस0डी0एम0) चाकसू

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Prakash
Date: 2021.01.18 17:21:08 IST
Reason: SelfAttested